बिहार सरकार

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग

प्रतिवेदन

2014

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग
6, साऊथ बेली रोड, पटना

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग

प्रतिवेदन 2014

Printd at : PAKIZA Offset, Patna # 9334116542

बिहार सरकार

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग

का

प्रतिवेदन

2014

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग
6, साऊथ बेली रोड
पटना-800001

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग

प्रस्तुति एवं समर्पण

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम 1991 की धारा 17 (1) में निहित प्रावधान के तहत आयोग की वार्षिक रिर्पोट **2014** तक राज्य के अल्पसंख्यकों को समर्पित, बिहार सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

(नौशाद अहमद)
अध्यक्ष

पटना / दिनांक : 31.03.2014

विषय सूची

क्र.	अध्याय	विषय	पृष्ठ
1.	अध्यक्ष का उद्‌गार	प्राक्कथन	7
2.	अध्याय - 1	पृष्ठभूमि	13
3.	अध्याय - 2	बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का संक्षिप्त इतिहास।	19
4.	अध्याय - 3	समय समय पर अल्पसंख्यक आयोग की अनुशंसा के आलोक में सरकारी निर्णयों के संबंध में निर्गत परिपत्रों का दृढ़ता से पालन हेतु।	25
5.	अध्याय - 4	अल्पसंख्यक आयोग की सक्रियता और वर्त्तमान सरकार द्वारा आरम्भ की गई योजनाएँ (और अधिक लाभकारी बनाने हेतु अनुशंसाएँ)। (सच्चर कमिटी एवं आयोग द्वारा आद्री के माध्यम से मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति के सर्वेक्षण प्रतिवेदन के आलोक में कार्रवाई)।	31
6.	अध्याय - 5	अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए केंद्र प्रायोजित बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम को और लाभकारी बनाने हेतु अनुशंसा।	41
7.	अध्याय - 6	अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिये गठित संस्थानों को और क्रियाशील बनाने हेतु अनुशंसाएँ।	45
8.	अध्याय - 7	विविध आवेदन पत्र	49
9.	अध्याय - 8	भ्रमण बैठकें एंव समीक्षा	117
10.	अध्याय - 9	सेमिनार/कॉनफ्रेन्स	123
11.	अध्याय - 10	आयोग की कार्य योजना	127
12.	अध्याय - 11	परिशिष्टियाँ	131

प्राक्कथन

श्री नीतीश कुमार

नौशाद अहमद

प्राक्कथन

बिहार राज्य के धार्मिक एवं भाषायी अल्पसंख्यकों को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों को सुनिश्चित तथा संरक्षित करने, उनकी सामाजिक, आर्थिक एंव शैक्षणिक समस्याओं के समाधान हेतु पहले पहल जननायक कर्पूरी ठाकुर के मुख्यमंत्रित्व काल में कार्यपालक आदेश से ''बिहार राज्य धार्मिक एंव भाषायी अल्पसंख्यक आयोग'' का गठन सन् 1971 में हुआ था। सन् 1991 में आयोग को वैधानिक दर्जा प्रदान करते हुए बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम बनाया गया, जिसके द्वारा आयोग के कार्यों, कर्त्तव्यों एवं दायित्वों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। वर्ष 1994 में इस अधिनियम के तहत ''बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग'' का गठन हुआ।

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग सफलता के पायदानों पर चढ़ते हुए अपने 44 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। वर्ष 2005 माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी नई सरकार के ''न्याय के साथ विकास'' के दृढ़ संकल्प के आधार पर बिहार में एक इंकलाब बरपा कर दिया जिससे अल्पसख्यंक समुदाय भी अछूता नहीं रहा। इसी पृष्ठभूमि में वर्ष 2006 में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का पुनर्गठन हुआ तथा सरकार ने मेरे जैसे अदना कार्यकर्त्ता पर विश्वास करके मुझे आयोग का अध्यक्ष बनाया। पुनः 2009 तथा 2012 में सरकार ने मेरे प्रति निरंतर विश्वास बनाए रखा, इसके लिए हृदय से कृतज्ञ हूँ।

अपने कार्यकाल में मुझे अब तक सरकार और खास तौर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के अटूट विश्वास एवं भरपूर सहयोग प्राप्त होने के फलस्वरूप अल्पसंख्यकों की समस्याओं के समाधान तथा उनके लिए नित नई योजनाओं का निर्माण संभव हो पाया।

प्रसंगाधीन अवधि में आयोग ने अल्पसख्यंकों की समस्याओं के निराकरण एवं उनके कल्याणार्थ जो भी अनुशंसाएँ की, सरकार ने तुरंत उन पर हामी भरी और तत्परता से उसका कार्यान्वयन किया।

आयोग द्वारा अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय की आर्थिक शैक्षणिक एंव सामाजिक स्तर की वास्तविक स्थिति के अध्ययन हेतु 'आद्री' से सर्वेक्षण कराया गया था जिसका प्रतिवेदन 2004 में प्राप्त हुआ। साथ ही न्यायाधीश राजिन्दर सच्चर समिति के प्रतिवदेन से भी मुसलमानों की दयनीय स्थिति का हाल सामने आया तो माननीय मुख्यमंत्री ने 10 सूत्री कार्यक्रम की घोषणा कर उन समस्याओं के निराकरण एवं उनके विकास तथा कल्याणार्थ फौरन कदम उठाया । राज्य के अल्पसंख्यको को सामाजिक, शैक्षणिक एंव आर्थिक उत्थान हेतु नई नई योजनाएँ आयोग की सक्रियता से बनाई गई जिसका लाभ बहुत जल्द सामने आने लगा। राज्य सरकार ने बिहार में सच्चर समिति की अनुशंसाओं को लागू करने के लिए अनेक ठोस योजनाएँ बनाई हैं जिसका विस्तृत उल्लेख प्रतिवेदन में किया गया है।

आयोग के कर्तव्यों के सफल निर्वाहन में आयोग के उपाध्यक्षों एवं सदस्यगण के सहयोग के लिए मै अभारी हूँ। उनके पूर्ण सहयोग के बिना आयोग की जिम्मेवारी का निर्वहन सभंव नहीं था। प्रधान सचिव अल्प संख्यक कल्याण विभाग श्री आमिर सुबहानी द्वारा समय-समय पर दिए गए बहुमूल्य सुझावों के लिए कृतज्ञ हूँ।

प्रतिवेदन की तैयारी में सहयोग के लिए आयोग के उपाध्यक्षों एवं सदस्यगण का आभारी हूँ। खास तौर पर सदस्य सचिव डा० मंसूर अहमद एजाजी एवं मीडिया प्रभारी मो० फारूकुज्जमाँ का योगदान सराहनीय है। आयोग के प्रशाखा पदाधिकारी मुमताज अहमद भी धन्यवाद के पात्र हैं।

वर्ष 2014 तक का प्रतिवेदन प्रस्तुत है। अंजाने में हुई भूल के लिए क्षमा प्रार्थी हूँ।

(नौशाद अहमद)

अध्यक्ष

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग

पटना

छपते-छपते ....

श्री जीतन राम माँझी

का बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर प्रतिवेदन 2014 छपते-छपते

श्री जीतन राम माँझी
माननीय मुख्यमंत्री
बिहार

और

जनाब नौशाद आलम
माननीय मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

का हम तहे दिल से इसतक़बाल करते हैं

नौशाद अहमद
अध्यक्ष, बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग

अध्याय - एक

पृष्ठभूमि

पृष्ठभूमि

आजा़द भारत के संविधान निर्माताओं ने धार्मिक एवं भाषाई अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा का पूरा-पूरा ध्यान रखा। संविधान की प्रस्तावना में कहा गया है कि ''हम भारत के लोग'' भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी, धर्म निरपेक्ष, लोकतन्त्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए, उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र एकता तथा अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प हो कर अंगीकृत, नियमित और आत्म समर्पित करते हैं।

मूल अधिकार

1. अनुच्छेद 15 के तहत धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर विभेद का प्रतिरोध किया गया।
2. संविधान के अनुच्छेद-16 के तहत लोक नियोजन में धर्म, मूलवंश, लिंग, उद्भव, जन्म स्थान, निवास के आधार पर कोई नागरिक न तो अयोग्य होगा और न धर्म भेद किया जायेगा।
3. अनुच्छेद-25 के तहत अंत:करण की स्वतंत्रता और धर्म निबार्ध रूप से मानने, आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई हैं।
4. अनुच्छेद-26 के तहत धार्मिक कार्यों के प्रबंध की स्वतंत्रता प्रदान की गई है।
5. अनुच्छेद-27 के तहत किसी भी व्यक्ति को ऐसा कर देने के लिए बाध्य नही किया जायेगा, जिसकी आय को किसी विशेष धर्म या धार्मिक सम्प्रदाय की वृद्धि के लिए व्यय किया जाता है।
6. अनुच्छेद-28 के तहत शिक्षण संस्थाओं में धार्मिक उपासना में उपस्थित होने के बारे में स्वतंत्रता प्रदान की गई है।
7. अनुच्छेद-29 के तहत अल्पसंख्यकों को अपनी भाषा, लिपि या संस्कृति को बनाये रखने का अधिकार प्रदान किया गया है। साथ-साथ राज्य द्वारा पोषित अथवा राज्य निधि से सहायता पाने वाली किसी शिक्षण संस्था में प्रवेश से किसी भी नागरिक को केवल धर्म, मूलवंश, जाति, भाषा अथवा उनमें से किसी एक आधार पर वंचित नही रखा जा सकता है।
8. अनुच्छेद-30 के तहत धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यकों को अपनी रूची के शिक्षा-संस्थानों की स्थापना तथा प्रशासनिक अधिकार दिया है। शिक्षण-संस्थाओं की सहायता देने में राज्य किसी विधालय के विरूद्ध इस पर विभेद नही करेगा कि वह धर्म या भाषा पर आधारित किसी अल्पसंख्यक वर्ग के संबंध में हैं।

राज्य के नीति निर्देशक तत्व एवं नागरिकों के मूल कर्त्तव्य

1. अनुच्छेद-46 के तहत दुर्बल वर्गों की शिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की अभिवृद्धि करने और उनका सामाजिक अन्याय से सुरक्षा करने का निदेश है।

2. नागरिकों के मूल कर्तव्य के अनुच्छेद-51 (क) के 5वें खंड में कहा गया है कि प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य होगा कि वह भारत के सभी लोगों में समरसता और समान मातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा, प्रदेश दर वर्ग पर आधारित सभी भेद्भाव से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरूद्ध हैं।

अन्य प्रावधान

1. अनुच्छेद-347 के तहत तद्विषयक मांग की जाने पर यदि राष्ट्रपति का समाधान हो जाए कि किसी राज्य के जनसमुदाय का पर्याप्त अनुपात चाहता है कि उसके द्वारा बोली जाने वाली भाषा राज्य द्वारा अभिज्ञात की जाय तो वह निर्देश दे सकेगें कि ऐसी भाषा को राज्य में, उसके किसी भाग में ऐसे प्रयोजन के लिए जैसा कि वह उल्लिखित करें, राजकीय अभिज्ञा दी जाए।

2. अनुच्छेद-350 के तहत किसी व्यथा के निवारण के लिए संध या राज्य के किसी पदाधिकारी या प्राधिकार को यथोचित संघ में या राज्य में प्रयोग होने वाली किसी भाषा में अभिवेदन देने का प्रत्येक व्यक्ति को हक़ होगा।

3. अनुच्छेद-350 के तहत (क) के तहत प्रत्येक राज्य और राज्य के अंदर प्रत्येक स्थानीय प्राधिकार का यह प्रयास होगा कि भाषागत अल्पसंख्यक वर्गों के बच्चों के प्राथमिक प्रकरण में मातृभाषा में शिक्षा देने के लिए पर्याप्त सुविधा उपबंधित की जाए और राष्ट्रपति किसी राज्य को ऐसा निर्देश दे सकेगा जिसकी वे ऐसी सुविधाओं की उपलब्धि सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक या उचित समझतें है।

अनुच्छेद-350 (ख) के तहत भाषागत अल्पसंख्यकों के लिए राष्ट्रपति द्वारा एक विशेष पदाधिकारी नियुक्त करने का प्रावधान है।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर पर भी अल्पसंयकों के हितों की रक्षा के लिए निम्नांकित स्तर पर सहमति प्रदान की गई है :-

1. राज्य के शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन 1949 :- इस सम्मेलन में यह निर्णय लिया था कि प्राथमिक विधालयों में 40 से अधिक ऐसे विधार्थी हो जिनकी मातृभाषा राज्य की भाषा से अलग हो। उक्त विधालय में उन छात्रों की मातृभाषा की पढ़ाई के लिए एक शिक्षक नियुक्त किया जायेगा। इसी प्रकार उच्च-विधालयों में भी मातृभाषा की पढ़ाई के लिए प्रावधान किया गया।

2. भारत सरकार का 1956 का संकल्प:- मुख्यमंत्रियों की राय से भारत सरकार ने 1956 में एक संकल्प तैयार किया जिसे संसद के दोनों सदनों में पटल पर रखा गया तथा इसे सभी राज्यों को भी भेजा गया। उक्त संकल्प में अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए 21 सूत्री कार्यक्रम सुझाये गये थे।

3. भाषा के लिए 1958 की विज्ञप्ति:- अंजुमन तरक्की-ए-उर्दू के अभ्यावेदन पर 1958 में भारत सरकार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की, जिसमें उर्दू भाषा की स्थिति को स्पष्ट किया गया तथा उर्दू भाषी बहुल क्षेत्रों में उक्त भाषा-भाषियों को लाभ पहुँचाने के लिए सरकार द्वारा 8 सूत्री घोषणा की गयी।

4. दक्षिण क्षेत्रीय परिषद् का निर्णय 1959:- उक्त बैठक में भी अल्पसंख्यकों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये, जिनका समावेश 1961 के मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में किया गया।

5. मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन 1961:- इस सम्मेलन में वर्ष 1956 के केन्द्र सरकार के संकल्प का अनुमोदन किया गया। इसके अतिरिक्त अल्पसंख्यक भाषा-भाषियों के हितों की सुरक्षा के लिए बेहतर प्रावधान किये गये।

6. क्षेत्रीय परिषद् के उपाध्यक्षों की समिति की बैठक 1961:- इस बैठक में भाषाई अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा के लिए अभिकरण स्थापित करने के संबंध में आवश्यक निर्णय लिये गये।

7. इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय एकता समिति द्वारा भी अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए बहुत से निर्णय लिये गये।

उपरोक्त सभी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए तथा धार्मिक एवं भाषाई अल्पसंख्यकों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार ने 26 अप्रैल 1971 को एक धार्मिक एवं भाषाई अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया गया। जिसका नाम कालांतर में बदल कर बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग रखा गया।

अध्याय - दो

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का संक्षिप्त इतिहास

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का संक्षिप्त इतिहास

राज्य सरकार ने अपनी अधिसूचना संख्या-5742/सी दिनांक 26.4.71 द्वारा धार्मिक एवं भाषाई अल्पसंख्यक आयोग के गठन का आदेश निर्गत किया जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री तथा सदस्य सचिव लोक शिकायत आयुक्त श्री एस0 आलम को बनाया गया। अधिसूचना के संकल्प में यह कहा गया कि भारतीय संविधान में सभी नागरिकों को चाहे वे किसी धर्म या सम्प्रदाय के हो समान मौलिक अधिकार दिया गया है। अनुच्छेद-15 में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है के राज्य के किसी नागरिक के प्रति धर्म, जाति, जन्मस्थान आदि के आधार पर भेदभाव नही बरतेगा। उसी तरह अनुच्छेद-16 में यह उपबंध है कि कोई नागरिक धर्म, जाति, जन्मस्थान आदि के आधार पर राज्य के अर्न्तगत किसी भी नियुक्ति के लिए आयोग्य नही समझे जायेंगे और न इस संबंध में उनके प्रति इस आधार पर कोई भेदभाव बरता जायेगा। अनुच्छेद-25 के अनुसार प्रत्येक धर्म के मानने वाले को धार्मिक उद्देश्य के लिए अपनी संस्था स्थापित करने तथा उसकी व्यवस्था करने का पूर्ण अधिकार है। अनुच्छेद-30 के अर्न्तगत सभी अल्पसंख्यक चाहे वे किसी भी धर्म, भाषा या जाति का हो, अपनी शैक्षणिक संस्था स्थापित करने का पूर्ण अधिकार है। इस अनुच्छेद में यह भी उपबंध है कि ऐसी शैक्षणिक संस्था को सहायता देने में राज्य भी किसी प्रकार का भेदभाव नही बरतेगा।

2. संविधान के उपबंध के अतिरिक्त राष्ट्रीय एकता परिषद में भी समय-समय पर अल्पसंख्यक के अधिकार की रक्षा के लिए बहुत सारे सुझाव दिये है। इन सुझावों पर राज्य सरकार ने यथासंभव कार्रवाई भी की है।

3. संविधान को लागू हुए 21 वर्ष हो गये फिर भी कुछ सम्प्रदायों के बीच वैमनस्य और अविश्वास की भावना अभी नही मिटी है। कुछ लोगों की ऐसी शिकायत और धारणा है कि संविधान के अन्तर्गत दिये गये मौलिक अधिकारों का उपयोग करने का उन्हे पूरा अवसर नही दिया जा रहा है।

4. भाषाजात अल्पसंख्यकों की धारणा और शिकायत है कि उनकी समस्याओं का समुचित सामाधान नही हो पाया है। इस संबंध में भारत सरकार के भाषाजात अल्पसंख्यकों के आयुक्त तथा 1961 में मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन को विभिन्न अनुशंसाओं के अनुसार बहुत सारी कार्रवाई की गई है। फिर भी, भाषाजात अल्पसंख्यकों के बीच ऐसी भावना है कि उनके न्यायोचित तथा संवैधानिक अधिकारों की पूरी रक्षा नही की जा रही है।

5. राज्य सरकार की यह नीति है कि सभी वर्गों और विशेषकर अल्पसंख्यकों के संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों की पूर्ण रक्षा हो जिससें वे देश के विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

उपरोक्त तथ्यों के मद्देनज़र सरकार ने बिहार राज्य धार्मिक एवं भाषाई अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया जिसके अध्यक्ष एवं सचिव को छोड़कर 23 सदस्य थे।

सरकार ने आयोग का विचारणीय विषय (टर्म्स ऑफ रिफ्रेन्स) निम्नांकित निर्धारित किया :-

1. संविधान में विभिन्न सम्प्रदायों को जो मौलिक अधिकार दिये गये हैं उनका पालन किस हद तक हो रहा है और यदि कमी है तो पूरा करने के लिए कौन से उपाय उपेक्षित हैं।
2. राष्ट्रीय एकता परिषद द्वारा जो विभिन्न अनुशंसा समय-समय पर की गई है उसका अनुपालन किस हद तक हो रहा है और इसकी कमी को किस तरह पूरा किया जा सकता है।
3. भाषाजात अल्पसंख्यकों को संविधान में जो अधिकार दिये गये हैं उसका पालन किस हद तक हो रहा है और इसमें कोई कमी है तो उसे दूर करने के लिए क्या आवश्यक है।
4. भाषाजात अल्पसंख्यको के संबंध में भारत सरकार की नीति 1961 के मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में दिये गये सुझाव तथा समय-समय पर भाषाजात अल्पसंख्यकों के आयुक्त की अनुशंसा पर अपेक्षित कार्रवाई हुई है या नही और यदि नही तो क्यों और इसे पूर्ण रूप से कार्यान्वित करने के लिए कौन सी कार्रवाई आवश्यक है।

दिनांक 19.08.1972 को आयोग का पुर्नगठन किया गया तथा मुख्यमंत्री उसके अध्यक्ष एवं श्री अब्दुल कयूम अंसारी उसके उपाध्यक्ष बनाए गये। सदस्य सचिव का पद श्री नीतीश्वर प्रसाद, सदस्य, विधान सभा को दिया गया। पुनः 27.11.1975 को इसका पुर्नगठन करते हुए मुख्यमंत्री को अध्यक्ष एवं श्री नीतीश्वर प्रसाद को सचिव बनाया गया। दिनांक 27.11.1976 को फिर आयोग का पुनर्गठन किया गया। श्री जव्वार हुसैन, सांसद को अध्यक्ष तथा श्री नीतीश्वर प्रसाद सदस्य सचिव बनाये गये। पुनः 01.11.1977 को इस आयोग का पूनर्गठन हुआ। मुख्यमंत्री अध्यक्ष एवं श्री तकी रहीम उपाध्यक्ष मनोनित हुए। गृह विशेष विभाग के उपसचिव श्री सरयु प्रसाद सिंह, सदस्य सचिव बने। 01.06.1981 को आयोग का पुर्नगठन करते हुए मुख्यमंत्री पदेन अध्यक्ष हुए तथा उपाध्यक्षों की संख्या एक से बढ़ा कर दो हो गयी। उपाध्यक्ष के रूप में श्री हारून रशीद एवं श्री जोगिन्दर सिंह 'जोगी' को मनोनित किया गया। संयुक्त सचिव/उपसचिव, गृह विशेष, सदस्य सचिव मनोनित किये गये। 17.07.1989 को एक उपाध्यक्ष का दर्जा बढ़ा कर कार्यकारी अध्यक्ष का कर दिया गया तथा श्री हारून रशीद, कार्यकारी अध्यक्ष मनोनित हुए। उपाध्यक्ष श्री जोगीन्दर सिंह जोगी को ही बनाया गया। श्री हारूण रशीद 18.10.1990 तक कार्यकारी अध्यक्ष बने रहे तथा 19.10.1990 से श्री जाबिर हुसैन को कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष श्री जोगिन्दर सिंह तथा श्री एस० एन० दास बनाए गये। 1991 ई0 में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम बना जिसमें यह प्रवाधान किया गया कि आयोग के लिए एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष एवं आठ सदस्य जो राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किए जाएगे। अधिनियम के आलोक श्री जाबिर हुसैन 24.02.1994 को अध्यक्ष मनोनित किया गया जिन्होने 10.04.1995 को त्याग पत्र दे दिया। तत्पश्चात 12.10.1995 को प्रो० सुहैल अहमद को बिहार राज्य अल्पसंख्यक अयोग का अध्यक्ष मनोनित किया गया। जो आयोग के अध्यक्ष के रूप में 22.07.2006 तक पदासीन रहे। नवम्बर

2005 आयोग के लिए सुनहरा युग आरम्भ हुआ जब दलितों पीड़ितों पिछड़ी एवं अल्पसंख्यकों के मसीहा के रूप में श्री नीतीश कुमार का बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में पदार्पण हुआ। उन्होने बिहार में अल्पसंख्यकों विशेष कर मुसलमानों की गरीबी, आर्थिक, शैक्षणिक, समाजिक पिछड़ापन से चिंतित होकर उसका गहराई से अध्ययन किया और उनकी समस्याओं के निराकरण का बीड़ा उठाया। इस संदर्भ में पहले उन्होने अल्पसंख्यक आयोग का पुनर्गठन किया। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की अधिसूचना सं० 1284 दि० 05.08.2006 द्वारा आयोग का पुनर्गठन करते हुए श्री नौशाद अहमद, अध्यक्ष एवं दो उपाध्यक्ष श्री सरदार चरण सिंह, श्री फादर पीटर अरोक्यस्वामी एंव आठ अन्य सदस्यों को मनोनित किया गया।

पुनः अधिसूचना सं0 457 दि0 22.01.2009 द्वारा आयोग का पुनः गठन हुआ। जिसके द्वारा श्री नौशाद अहमद अध्यक्ष, डॉ0 कैप्टन दिलीप कुमार सिन्हा एवं श्री सरदार चरण सिहं उपाध्यक्ष एंव आठ सदस्य मनोनित किये गये।

वर्ष 2012 में अधिसूचना संख्या 1199, दिनांक 07.08.2012 द्वारा आयोग का अगले कार्यकाल के लिए गठन किया गया। श्री नौशाद अहमद फिर से अध्यक्ष बनाये गये तथा पद्मश्री सिस्टर सुधा वर्गीज एंव श्री सरदार चरण सिहं उपाध्यक्ष मनोनित हुए। सदस्य के रूप में श्री प्रहलाद कुमार सरकार, श्री टी०बी०एस०जैन, श्रीमती रजिया कामिल अंसारी (जिन्होने वर्ष 2014 में त्याग पत्र दे दिया), श्री जहीर मलमली, श्री लियाकत अली मंसूरी, डॉ0 इस्लाम राही, मो0 शमशाद आलम (अधिवक्ता) एवं मो0 अब्दुल्ला मनोनित किए गये।

आयोग का सुदृढ़ीकरण

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग को स्थापित हुए 43 वर्ष हो चुके है। पूर्व में कार्यालय का स्वरूप नहीं हो पाया था, जिसके कारण कार्यालय के अभिलेखों। इसके रख-रखाव एवं इसके कार्यकलाप पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा था। कार्यालय का कार्य अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के निजी कर्मियों तथा प्रतिनियुक्त स्टाफों द्वारा किया जाता था।

आयोग के संचालन का दायित्व संभालते ही 2006 में भी उर्पयुक्त समस्याओं से दो चार होना पड़ा। आयोग के कार्यालय व्यवस्थित एंव सूचारू रूप से चलाने के लिए एवं स्थायी सदस्य सचिव की आवश्यकता को महसूस किया। अध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई के उपरान्त माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की पहल पर कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की अधिसूचना सं0 954 दिनांक 28.01.2008 द्वारा मो0 सइदउद्दीन शाह को पहली बार उप सचिव सह निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया। अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम 1991 की धारा 16 अन्तर्गत अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा श्री शाह को सदस्य सचिव के रूप में अधिसूचित किया गया। अब आयोग के लिए निम्नांकित पद स्थायी रूप से स्वीकृत है:-

क्रमांक	पदनाम	संख्या
1.	प्रशाखा पदाधिकारी	1
2.	सहायक	2
3.	अध्यक्ष के वरीय निजी सहायक	1
4.	अध्यक्ष एवं उपसचिव हेतु निजी सहायक	2
5.	टंकक	2
6.	दिनचर्या लिपिक	1
7.	आदेशपाल	6
8.	चालक	1

इसके अतिरिक्त एक अवर सचिव सह सम्पर्क पदाधिकारी का पद भी स्वीकृत है।

बिहार राज्य अलपसंख्यक आयोग के कर्तव्यों एवं दायित्वों को सूचारू रूप एवं कारगर रूप से निर्वाहन के लिए उसे वेल एक्यूप्ड करने का प्रयास किया गया जिसके फलस्वरूप कार्यालय में कम्प्यूटर, टंकण यंत्र, फोटों स्टेट मशीन एवं फैक्स आदि उपलब्ध कराकर आयोग को बहुत हद तक सुदृढ़ीकरण किया गया।

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना से अबतक अधयक्षों की सूची निम्न प्रकार है:-

क्र.	अवधि	नाम
1.	26.04.71 से 23.02.94	माननीय मुख्यमंत्री बिहार पदेन अध्यक्ष
2.	24.02.94 से 10.04.95	प्रो० जाबिर हुसैन
3.	12.10.95 से 22.07.2006	प्रो० सोहैल अहमद
4.	**05.08.2006 से (वर्तमान)**	**श्री नौशाद अहमद**

अध्याय - तीन

समय समय पर अल्पसंख्यक आयोग की अनुशंसा के आलोक में सरकारी निर्णयों के संबंध में निर्गत परिपत्रों का दृढ़ता से पालन हेतु।

समय समय पर अल्पसंख्यक आयोग की अनुशंसा के आलोक में सरकारी निर्णयों के संबंध में निर्गत परिपत्रों का दृढ़ता से पालन हेतु।

राज्य सरकार बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग की अनुशंसा के आलोक में समय-समय पर निर्णय लेते हुए अल्पसंख्यक के कल्याणार्थ परिपत्र निर्गत किए है। परन्तु कालान्तर में वे संचिकाओं में दबकर रह गई है। अत: आयोग की अनुशंसा है कि उन परिपत्रों को पुनर्जीवित कर उन पर दृढ़ता से पालन करने का अदेश निर्गत किया जाए:-

1. **नियुक्ति प्रोन्नति हेतु गठित चयन समिति/आयोग में अल्पसख्यक के किसी एक पदाधिकारी को सदस्य के रूप में मनोनित करने के संबंध में** :-सामान्य प्रशासन विभाग (तब कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग) ने अपने पत्रांक 6725, दिनांक 22.05.1989 द्वारा यह निर्णय लिया था कि चयन समिति/ प्रोन्नति समिति में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में रहना सरकारी सेवा/लोक उपक्रम के सेवा में उनका प्रयाप्त प्रतिनिधित्व में सहायक सिद्ध होगा।

   अत: सरकार ने भली भांति विचार कर यह निर्णय लिया है कि नियुक्ति/प्रोन्नति हेतु गठित चयन समिति/आयोग में अल्पसंख्यक समुदाय यथा मुस्लिम, इसाई एंव सिख को किसी एक पदाधिकारी को यथा संभव सदस्य के रूप में मनोनित किया जाए।

   यह निर्णय एतिहासिक एंव काफी लाभप्रद था। परन्तु अब बहुत से विभागों को इसकी जानकारी भी नही है । इसलिए इस परिपत्र को स्मारित कर दृढ़ता से लागू करने से अल्पसंख्यक समुदाय को लाभ पहुँचाया जा सकता है। **(परि. 1)**

2. **अल्पसंख्यक के भाषाई एंव शैक्षणिक समस्याओं की समीक्षा एंव त्रुटियों के निराकरण हेतु स्थाई समिति का गठन:-** गृह विषेश विभाग के पत्रांक 204, दिनांक 17.06.1978 द्वारा अल्पसंख्यकों के भाषाई एंव शैक्षणिक समस्याओं की लगातार समीक्षा करते रहने और त्रुटियों के निराकरण हेतु सुझाव देने के लिए जिला स्तर पर एक स्थाई समिति का गठन जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में करने का निदेश था, जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा चार गैर सरकारी अल्पसंख्यक भाषाई को सदस्य बनाने का प्रावधान है। इस समिति का दायित्व अल्पसंख्यकों की भाषाई एवं शैक्षणिक समस्याओं का समाधान माह मे एक बार बैठक कर स्थाई समिति स्तर पर निराकरण का प्रयास करना है।

   इस समिति का गठन भाषाई अल्पसंयक में शैक्षणिक समस्याओं के समाधान के लिए बहुत ही उपयोगी है। अत: इस परिपत्र के आलोक में जिला स्तर पर समिति का गठन कर नियमित रूप से इसकी बैठक कर स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। **(परि. 2)**

3. **नियोजनालयों में अल्पसंख्यको के लिए विशेष प्रक्रिया के संबंध में:-** निदेशक श्रम संसाधन विकास विभाग ने अपने पत्रांक 164 दिनांक 18.01.1986, पत्रांक 1439, दिनांक 18.05.1985, पत्रांक 2178, दिनांक 19.07.1985 एंव पत्रांक 2177, दिनांक 21.07.1985 द्वारा जिला नियोजन पदाधिकारियों को निम्न निदेश दिया गया था कि (i) अल्पसंख्यक समुदाय का निबंधन पहले की भांति किया जाएगा, परन्तु अलग से एक पंजी एक्स 63 संधारित होगी जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के आवेदको की निबंधन संख्या नाम आदि मूल रूप से निबंधन पंजी से देखकर अंकित किया जाएगा। साथ ही साथ अल्पसख्यक समुदाय के आवेदक जो जीवित पंजी पर है, उनकी निबंधन संख्या एक्स 63 पंजी से उतारकर दूसरे पंजी में रखा जाए। ताकि इससे पता चल सके कि उक्त समुदाय में कितने आवेदक जीवित पंजी पर उपलब्ध है। पंजी 64 (जीवित पंजी) में भी अल्पसंख्यक समुदाय के लिए एक कॉलम जोड़ी जाय (ii) अल्पसंख्यकों के आवेदनों को नियोजनालयों में निबंधन एंव उनका नाम नियोजको को प्रेषित करने में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाए। (iii) जिला नियोजन पदाधिकारी मोतिहारी, बेतिया, लहेरीयासराय, एंव पूर्णिया जहाँ अल्पसंख्यक समुदाय की बहुलता है। वहॉ उनके निबंधन के लिए विशेष अभियान चलाया जाए ताकि अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों का निबंधन हो और उन्हें जीवित पंजी पर लाया जाए। जिस क्षेत्र में अभियान चलाना हो, उस क्षेत्र के मुखिया को एक पत्र लिखकर सूचना दे ताकि मुखिया अल्पसंख्यकों के बीच इसका प्रचार कर सके और फिर जिस तिथि को निबंधन अभियान के लिए जाना हो उस तिथि की जानकारी मुखिया को दे दें ताकि निर्धारित तिथि को आवेदक निबंधन के लिए उपलब्ध हो सकें।

(iv) जिला नियोजन पदाधिकारी मोतिहारी, बेतिया, लहेरीयासराय एवं पूर्णिया को यह भी निदेश दिया गया था कि अपने नियोजनालय में अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों के लिए अलग शाखा खोलने की व्यवस्था करे जिस प्रकार प्रत्येक नियोजनालय में महिला शाखा कार्यरत है। उसी प्रकार अल्पसंख्यक शाखा भी कार्य करेगा, इस समुदाय के लिए अलग से निबंधन नवीकरण एव जीवित पंजी का पोषण होगा।

उपर्युक्त आदेश आज भी प्रसांगिक है। इन्हें कड़ाई से लागू करने पर अल्पसंख्यक बेरोजगारों को निश्चित लाभ पहुॅचेगा। पूराने चम्पारण दरंभगा एवं पूर्णिया जिला बदल कर नए जिले बनाये है। इसलिए बदली परिस्थिति पंजी को यथा संशोधित करने की आवश्यकता है। **(परि. 3,4,5,6)**

4. **साम्प्रदायिक सद्भावना बनाए रखने हेतु प्रखंड, अनुमंडल तथा जिला स्तर स्थाई समिति का गठन:-** गृह विभाग के पत्रांक 4042 दिनांक 18.07.1970 द्वारा राष्ट्रीय एकता परिपद की उपसमिति की अनुशंसा के आलोक में प्रखंड, अनुमंडल तथा जिला स्तर पर एक स्थाई समिति गठित करने का आदेश दिया था जिसका उद्देश्य साम्प्रदायिक सद्भावना बनाए रखने के लिए सतत् प्रयत्न करना है

तथा ऐसी बातों का पता लगाना है जिसके कारण साम्प्रदायिक सौहाद्र भंग होने का खतरा हो तथा उक्त तनाव को समाप्त करने के लिए प्रयास एवं प्रशासन को मदद करना है। **(परि. 7)**

5. **20 -सूत्री कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में अल्पसंख्यक को भरपूर एंव सुनिश्चित लाभ:-** कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग के पत्रांक 451 दिनांक 19.03.88 द्वारा यह आदेश दिया गया था कि 20-सूत्री कार्यक्रम से संबंधित सभी विभागों को यह आदेश दिया गया था कि विभिन्न विकास कार्यक्रमों में अल्पसंख्यकों की भरपुर एंव सुनिश्चित लाभ पहुॅचे तथा अल्पसंख्यकों को उन कार्यक्रमों की निगरानी करने वाली समितियों में भागीदारी सुनिश्चित किया जाए तथा उनकी जनसंख्या के अनुपात में लाभ पहुचाया जाए। उक्त पत्र के साथ विभिन्न विकास योजनाओं की सूची संलग्न की गई थी जिसमे अल्पसंख्यकों को लाभ पहुॅचाना अपेक्षित है सूची निम्न प्रकार है:-

सदस्यता	:-	उपर्युक्त प्रकार की सभी समितियॉ, (20 सूत्री कार्यक्रम सहित।)
आई.आर.डी.पी	:-	अल्पसंख्यकों को ऋण दिया जाए।
एन.आर.ई.पी.	:-	अल्पसंख्यकों को रोजगार मुहैया कराया जाए।
लघु उधोग इकाईयॉ	:-	अल्पसंख्यकों को प्रोत्साहन दिया जाए।
भू-वितरण	:-	अल्पसंख्यक समुदाय के भूमिहीन लोगों को भूमि दी जाए।
समस्याग्रस्त ग्राम	:-	अल्पसंख्यक ग्रामों में पीने का पानी मुहैया कराया जाए।
स्वास्थ्य सुविधा	:-	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/एच. एस.सी. अल्पसंख्यक ग्रामों में खोले जाएॅ।
प्राथमिक शिक्षा	:-	अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों का दाखिला लिया जाए तथा उन्हें शिक्षा का अवसर प्रदान किया जाय।
प्रौढ़ शिक्षा	:-	अल्पसंख्यक समुदाय में प्रौढ़ व्यक्तियों का दाखिला लिया जाय तथा उन्हें शिक्षा का अवसर प्रदान किया जाए।
गृह-सुविधा	:-	अल्पसंख्यकों को गृह एवं गृह स्थल उपलब्ध कराया जाय और घर बनाने हेतु सहायता प्रदान किया जाय।
झुग्गी-झोपड़ी बस्ती	:-	अल्पसंख्यक समुदाय की झुग्गी-झोपड़ीयों के पर्यावरण में सुधार लाया जाए।
जन-वितरण प्रणाली	:-	अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को अनुज्ञप्तियॉ निर्गत की जाएॅ और अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में दुकानें खोली जाएॅ।
विधुतीकरण	:-	अल्पसंख्यक ग्रामों का विधुतीकरण किया जाए जिसका चयन उक्त समुदाय के लोगों द्वारा किया गया हो। उन्नत चूल्हा और बायोगैस संयत्र स्थापित किया जाए।

हितैषी पदाधिकारी :- पदाधिकारियों को विशेष आदेश दिया जाए कि दैनिक कार्यों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के साथ सहानुभूतिपूर्वक बर्ताव किया जाय और उन्हें सहुलियत मुहैया कराई जाए।

उक्त आदेश को पुर्नजीवित कर एवं विभाग ने अपने पत्रांक 562/28.08.97 द्वारा एक नवीन पत्र लिख कर उर्पयुक्त आदेश का पालन का निदेश दिया।

उक्त आदेश का पालन नई योजनाओं का समावेश कराने से अल्पसंख्यक को और अधिक लाभ पहुॅचाने में कारगर हो सकता है। **(परि. 8,9)**

6. **अल्पसंख्यकों के लाभार्थ योजनाओं का मासिक प्रतिवेदन एवं अनुश्रवणः-** मुख्य सचिव बिहार ने अपने पत्रांक 991 दिनांक 23.11.2000 द्वारा सभी प्रमंडलीय आयुक्त/जिला पदाधिकारियों तथा सभी उप विकास आयुक्तों को यह आदेश दिया था किः- (1) जिला के 20 सूत्री कार्यक्रम एवं अन्य लाभकारी योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों को पहुॅचाये जा रहे लाभों एंव कार्यक्रमों के संबंध जिला पदाधिकारी/आयुक्त एक माहवारी प्रतिवेदन प्रत्येक माह ठीक इसी प्रकार से अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को देंगे जैसा कि अनुसूचित जाति/जनजाति महिलाओं के संबंध में दिया जाता है।

(11) प्रखण्ड स्तर पर ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में जो व्यवस्था अपनाई गई है, वही व्यवस्था अल्पसंख्यकों के कल्याण से संबंधित योजनाओं के कार्यान्वयन/अनुश्रवन के संबंध में भी अपनाई जाएगी।

इस पत्र के कड़ाई से क्रियान्वयन से अल्पसंख्यकों को लाभ पहूॅचाने में काफी सहायक सिद्ध होगा। **(परि. 10)**

अध्याय - चार

अल्पसंख्यक आयोग की सक्रियता और वर्त्तमान सरकार द्वारा आरम्भ की गई योजनाएँ (और अधिक लाभकारी बनाने हेतु अनुशंसाएँ)

(सच्चर कमिटी एवं आद्री के प्रतिवेदन के आलोक में कारवाई)

अल्पसंख्यक आयोग की सक्रियता और वर्त्तमान सरकार द्वारा आरम्भ की गई योजनाए (और अधिक लाभकारी बनाने हेतु अनुशंसाएँ)

श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व मे वर्त्तमान सरकार ने पद्भार ग्रहण करते ही अल्पसंख्यकों की समस्याओं का समाधान, उनका विकास एंव उनके लिए कल्याणकारी योजनाओं को आरम्भ करने की दृढ़ संकल्प के साथ कार्य आरम्भ किया । राज्य सरकार के आदेश पर बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा आद्री (ASIAN DEVELOPMENT RESEARCH INSTITUTE) के माध्यम से मुसलमानों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सर्वेक्षण कराया गया था जिसका प्रतिवेदन कार्रवाई की राह देख रहा था। फिर उसके बाद सच्चर कमिटी का प्रतिवेदन भी सामने आया जिससे अल्पसंख्यक की दयनीय स्थिति सच्चाई सामने आई। (परि०11 'क' एवं परि०11 'ख') उन्ही प्रतिवेदनों के आलोक में राज्य सरकार ने अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक, सामाजिक एंव आर्थिक विकास के लिए योजनाएँ बनाई। तथा उनका कार्यान्वयन पूरी ईमानदारी के साथ किया गया। जिसका नतिजा यह हुआ की अल्पसंख्यकों की हालत में काफी सुधार आया जो कि निम्न ऑकड़ों से स्पष्ट होगा। स्वयं न्यायाधीश सच्चर ने पटना में आयोजित एक सेमिनार में इस बात को स्वीकार किया है जो कि समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार से भी स्पष्ट होगा।

सूबे में मुसलमानों की स्थिति बेहतर: जस्टिस सच्चर

हिन्दुस्तान
पटना • मंगलवार • 08 अप्रैल 2014

पटना | कार्यालय संवाददाता

सेमिनार
• अल्पसंख्यक उत्थान विषयक कार्यक्रम में बोले जस्टिस सच्चर
• सच्चर रिपोर्ट आने के बाद बदली है मुस्लिमों की स्थिति

होटल मौर्या में तौहिद एजुकेशन ट्रस्ट की ओर से सोमवार को आयोजित सेमिनार में बिहार के मुस्लिम अल्पसंख्यकों के शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक उत्थान के विषय पर व्याख्यान देते जस्टिस राजिंदर सच्चर। •हिन्दुस्तान

पूरे देश में मुसलमानों की स्थिति दलितों से भी बदतर है। किसी राष्ट्र का मौलिक कर्तव्य सबको बराबरी का हक देना होता है। ये बातें सोमवार को राजधानी के मौर्या होटल में जस्टिस राजिंदर सच्चर ने कहीं। वे तौहिद एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से 'बिहार में अल्पसंख्यक मुसलमानों के शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक उत्थान' विषय पर आयोजित सेमिनार में भाग लेने आए थे।

जस्टिस सच्चर ने कहा कि कमेटी द्वारा रिपोर्ट पेश करने के बाद बिहार में मुसलमानों के हालात में बदलाव हुए हैं। पिछले कुछ सालों में सुधार भी हुआ है। अगर कोई सरकार अल्पसंख्यकों को बराबरी का हक नहीं दे सकती, तो वहां समावेशी विकास संभव नहीं। उन्होंने बाबरी विध्वंस को लोकतंत्र का काला दिन करार दिया और कहा कि सरकार का कोई कौम नहीं होता। कोई भी धर्म एक-दूसरे से खुद को श्रेष्ठ प्रमाणित नहीं करता। उन्होंने दंगे के बाद क्षेत्र विशेष के अध्ययन के बाद आई रिपोर्ट का हवाला दिया और कहा कि पुलिसिया जिम्मेदारी संभालने में अल्पसंख्यकों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से महिलाओं की शिक्षा में भागीदारी बढ़ाए जाने की अपील की। जस्टिस सच्चर ने कहा कि अल्पसंख्यक मुसलमान राष्ट्र के विकास में उतना ही भागीदारी रखते हैं, जितना बहुसंख्यक हिंदू व अन्य समुदाय।

कार्यक्रम में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मो. इश्तियाक ने कहा कि सच्चर कमेटी ने देश में अल्पसंख्यक मुसलमानों के वास्तविक सूरत-ए-हाल को यथावत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि मौलाना मजहरूल हक अरबी व फारसी विवि के कुलपति प्रो. एजाज अली अरशद ने कहा कि सच्चर कमेटी की सिफारिशों के बाद हालात सुधरे हैं। वीर कुंवर सिंह विवि के कुलपति डॉ. अनवर हुसैन ने कहा कि मुसलमानों की तालीम में और सुधार की जरूरत है। इमारत-ए-शरिया के नाजिम अनीसुर रहमान कासमी ने कहा कि वैसी शक्तियों को पहचानने की जरूरत है जो जम्हूरियत के लिए खतरा है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के चेयरमैन मुनीवर रहमान ने जस्टिस सच्चर की सिफारिशों को ऐतिहासिक बताया। मौके पर डॉ. एजाज अली, सलाउद्दीन मकबूल, डॉ. फजलुल इस्लाम आदि ने विचार रखे। इससे पहले जस्टिस सच्चर का स्वागत किया गया।

इन योजनाओं को और अधिक लाभकारी उद्देश्य से योजनावार आयोग की अनुशंसाएँ निम्न प्रकार है :-

(क) <u>अल्पसंख्यक की शैक्षणिक स्थिती में सुधार संबंधी योजनाएँ एवं कार्य:-</u>

वर्तमान सरकार और बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का यह मानना है की अल्पसंख्यकों के लिए सबसें बड़ी समस्या गरीबी और शिक्षा है। यदि अल्पसंख्यकों में शिक्षा का दीप प्रज्जवल्लित किया जाये तो

गरीबी का खातमा अपने आप हो जाएगा। इसलिए आयोग की सक्रियता से वर्तमान सरकार ने सबसे पहले अल्पसंख्यको की शैक्षणिक क्षेत्र में व्यापक रूप से कई योजनाएँ प्रारम्भ की गई।

1. **मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना** :- इस योजना के तहत बिहार स्कुल एगज़ामिनिशन बोंड से फर्स्ट डिविज़न से कामयाब होने वाले अल्पसंख्यक छात्रों को एक मुश्त दस हजार रूपये (10,000) देने की योजना है। वर्ष 2007-2008 में इस योजना की शुरूआत हुई। वर्ष 2007 में मात्र 2627 विद्यार्थियों को इस योजनान्तर्गत लाभ मिला। वर्ष 2013 की माध्यमिक परीक्षा के परिणाम के आधार पर 29498 छात्र-छात्राओं को इस योजनान्तर्गत राशि का वितरण किया गया है।

   आयोग की अनुशंसा :- आयोग की अनुशंसा है कि प्रत्येक वर्ष प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले अल्पसंख्यक विद्यार्थियों की सूची विभाग के बेवसाईट पर प्रकाशित कर दिया जाए ताकि विद्यार्थियों को मालूम हो सके की उनका नाम सूची में है या नही ? अगर किसी कारणवश उनका नाम छूट गया हो तो वे विभाग का घ्यान इस ओर अकृष्ट कर सुधार करा सकते है।

2. **राज्य कोचिंग योजना** :- (क) इस योजना के तहत अल्पसख्यंक छात्र एवं छात्राओं को नि:शुल्क तकनिकी शिक्षा के अलावा यु0 पी0 एस0 सी0 तथा अन्य प्रतियोगिता परिक्षाओं की तैयारी के लिए राज्य कोचिंग योजना की व्यवस्था की गई है। देश के नामचीन प्रबंधक संसथानों में नामांकन के लिए CAT और MAT कि तैयारी हेतु मौलाना मज़हरूल हक अरबी व फारसी युनिर्वसिटी के सहयोग से कोचिंग की व्यवस्था की गई है।

   (ख) सिपाही भर्ती में अल्पसंख्यको को नियुक्ति सुनिश्चित किए जाने हेतु शारीरिक तथा शैक्षणिक प्रशिक्षण :- राज्य सरकार ने विगत वर्ष 12,700 सिपाहियॉ की नियुक्ति में अल्पसंख्यकों की समुचित सख्यां में बहाली के लिए शारीरिक एवं लिखित और प्रशिक्षण की योजना शुरू की।

   आयोग की अनुशंसा :- **(i)** इस सिपाही भर्त्ती प्रतियोगिता परीक्षा हेतु कोचिंग की सफलता के मद्देनजर राज्य में होनी वाली अन्य बड़ी भर्त्तीयों के लिए भी कोचिंग पर विचार किया जाना चाहिए।

   (ii) इस योजना में मदरसा के आलिम-फ़ाज़िल के विद्यार्थियों को भी शामिल करने पर विचार किया जाना चाहिए।

3. **तालीमी मरकज़** :- राज्य सरकार द्वारा तलीमी मरकज़ के तहत अल्पसंख्यक बच्चों के भविष्य को सुधारने के लिए जरूरी कदम उठाये गए है। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में जहाँ स्कुल नही है वहॉ तलीमी मरकज़ की व्यवस्था की गई है। इनमें स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चे को भी दखिला की सहुलत दी गयी है। दूसरे स्कूलों की तरह हुकूमत ने यहाँ भी दिन का खाना पोशाक और जरूरी किताबें मुहैया कराई गई है। अब तक 3770 तलीमी मरकज़ खोले जा चुके है। इस वक्त 84056 बच्चे तलीमी मरकज़ में तालीम हासिल कर रहे है।

आयोग की अनुशंसा :- तालीमी मरकज़ से प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद नजदीक के स्कूल में बच्चों को आगे कि शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रयास किया जाए।

4. **अलिगढ़ मुस्लिम युनिर्वसिटी की शाखा की स्थापना** :- राज्य सरकार ने किशनगंज जिलान्तर्गत चकला ग्राम में अलिगढ़ मुस्लिम युनिर्वसिटी की शाखा खोलने के लिए 246 एकड़ ज़मीन उपलब्ध करा चुकी है।

आयोग की अनुशंसा :-इस केंद्र में बिहार के विद्यार्थियों का कोटा निर्धारित किया जाना चाहिए।

5. **अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं हेतु छात्रवास का निर्माण** :- अल्पसंख्यक समुदाय विशेष कर मुस्लिम छात्र/छात्राएँ जो शैक्षणिक रूप से काफी पिछड़ गए है। राज्य सरकार शैक्षणिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए हर संभव प्रयासरत है। राज्य सरकार जिला मुख्यालय में अवस्थित शैक्षिणिक प्रतिष्ठानों का पूरा लाभ उठाने के लिए जिला में 100 बेड वाले छात्र/छात्राओं के लिए छात्रावास के निर्माण की योजना शुरू की गई है ताकि दूरदराज स्थानों के गरीब अल्पसंख्यक छात्र/छात्राएँ जो जिला हेडक्वार्टर में अवस्थित शिक्षण संस्थानों का पुरा फायदा उठा सकें। जिसके तहत 28 छात्रावासों का निर्माण हो चुका है तथा 3 बालिका एंव 14 बालक छात्रावासों का निर्माण कार्य चल रहा है।

आयोग की अनुशंसा :-इन छात्रावासों में मदरसा के आलिम फाजिल के विद्यार्थियों को भी रहने की सुविधा प्रदान करने पर विचार किया जाए।

6. **मदरसा तालीम** :- राज्य में बहुत बड़ी संख्या में अल्पसंख्यकों के बच्चे मदरसा में अध्ययनरत है। मदरसा के शिक्षकों की आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिये राज्य सरकार ने छठे वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुरूप वेतन मान देने की स्वीकृति दी गई है। 1128 मदरसों को सरकारी सहायता प्रदान की गई है।

आलिम और फ़ाजिल की डिग्री जो मदरसा बोर्ड उपलब्ध कराती थी। उसकी डिग्री मौलाना मज़हरूल हक अरबी व फारसी युनिर्वसिटी के जरिया उपलब्ध कराया जा रहा है।

आयोग की अनुशंसा :- **(i)** मौलाना मज़हरूल हक अरबी व फारसी युनिर्वसिटी के भवन निर्माण का कार्य यथाशीघ्र पूरा कराने का प्रयास किया जाए।

(ii) शिक्षकों को पूरी सुविधा प्रदान की गई है। इसलिए मदरसा शिक्षा स्तर में सुधार के लिए मदरसा बोर्ड/मौलाना मज़हरूलहक अरबी व फारसी विश्वविद्यालय को कारगर निगरानी रखने की व्यवस्था करनी चाहिए।

7. **मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक शिक्षा ऋण योजना** :- इसके अर्न्तगत ऐसे अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं को मेडिकल/तकनीकी/ आई०आई०टी/ बी०एड/एम०एड/ विधि एवं प्रबंधन शिक्षा तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रमों जो कि 5 वर्ष की अवधि से अधिक न हो तथा उनके पिता/अभिभावक की वार्षिक आय

4.50 लाख रूपये से अधिक न हो वैसे विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 1 लाख रूपये की दर से अधिकतम 5 वर्षो के पाठ्क्रमों के लिए 5 लाख रूपये तक का ऋण राषि 4 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज दर पर बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम के माधयम से वित्तीय वर्ष 2012-13 से संचालित है । इस योजना के लिए गत वित्तीय वर्ष में निगम को 15 करोड़ रूपये उपलब्ध कराये गया है । जिसके विरूद्ध 332 छात्रों के बीच 3.20 करोड़ रूपयें ऋण के रूप में उपलब्ध कराया गया है।

आयोग की अनुशंसा:- आयोग की अनुशंसा है कि इस योजना के तहत प्रत्येक वर्ष आवेदन प्राप्त कर जितनी राशि का भुगतान करना है उतने ही आवेदन को स्वीकृत किया जाए। अगले वर्ष पिछले वर्ष के आवेदनों को Brought Forward नहीं किया जाए। अगले वर्ष पुनः नये आवेदन आमंत्रित किया जाए। इससे पूरी तरह पारर्दशिता बनी रहेगी।

8. **अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को अल्पसंख्यक घोषित करने के संबंध में नियमावली:-**अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को विभिन्न स्त्रोतों से सरकारी सहायता प्राप्त करने की पात्रता हेतु आवश्यक अल्पसंख्यक संस्थान होने का प्रमाण पत्र देने हेतु नियमावली बनाने के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को प्राधिकृत किया जाए।

आयोग की अनुशंसा :- आयोग की अनुशंसा है कि तत् संबंधित नियमावली का निर्माण यथाशिघ्र की जाए।

(ख) अल्पसंख्यक के रोजगार से संबंधित योजनाएँ

नवम्बर 2005 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जब वर्तमान सरकार ने राज्य की बागडोर सम्भाली तो उस समय अल्पसंख्यक समुदाय विशेष रूप से मुस्लिम तबका राज्य की मुख्य धारा से काफी दूर जा चुका था। यहाँ का अल्पसंख्यक समुदाय समाजिक और आर्थिक रूप से सबसे निचले पायदान पर खड़ा था। ऐसे समय में नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यकों की तरक़्क़ी और रोजगार की योजनाएँ चलाने का निर्णय लिया।

1 **उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति :-** 29 हजार उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति की कार्रवाई की जा रही है।

आयोग की अनुशंसा:- आयोग की अनुशंसा है कि यथाशीघ्र नियुक्ति की कार्रवाई पूरी की जाए।

2 **हुनर और औजार :-** मुस्लिम लड़कियों को शैक्षणिक रूप से पिछड़ेपन को दूर करने के लिए उन्हें विशेष ट्रेड में ट्रेनिंग के लिए हुनर प्रोग्राम की शुरूआत वर्ष 2008 में की गयी ताकि इन्हें तकनीकी शिक्षा दे कर उन्हे अपने पैरों पर खड़ा किया जा सके। हुनर प्रोग्राम को एन0 आइ0 ओ0 एस0 से जोड़ दिया गया है। इनके ज़रिया इम्तेहान लेकर सार्टफ़िकेट दिया जाता है। जो लड़कियाँ हुनर प्रोग्राम के तहत ट्रेनिंग हासिल कर लेती है इन्हें 2500 रूपये औजार स्कीम के तहत दी जाती है। अब तक पहले चरण में 13768 छात्राओ को प्रशिक्षित किया जा चुका है। दूसरे चरण में 38 हजार छात्राओं

को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षा दिवस के अवसर पर 50 हजार लड़कियों को प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम आरम्भ किया गया है।

आयोग की अनुशंसा:- मुज्जफ्फरपुर में लाह चुड़ियों के निर्माण कार्य मे लगी मुस्लिम लड़कियों को भी इस योजना में शामिल किया जाए।

3 **मुस्लिम महिला परित्यक्ता योजना** :- मुस्लिम समाज में परित्यक्ता महिलाओं की आर्थिक एवं समाजिक स्थिति दयनीय है। सरकार ने उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुस्लिम परित्यक्ता महिलाओं को स्वनियोजन हेतु वित्तीय वर्ष 2006-07 से इस योजना का प्रारंभ किया। इस योजना के तहत मुस्लिम परित्यक्ता महिलाओं का चयन कर प्रति महिला रू0 10,000/- (दस हजार रूपये) की दर से एक मुश्त आर्थिक सहायता दी जाती है।

इस योजनान्तर्गत अब तक दस हजार महिलाओं को लाभ पहुँचाया गया है तथा उन्हे 10,00,00,000/- (दस करोड़) रूपये का अनुदान दिया गया है।

आयोग की अनुशंसा:- इस योजना के तहत भुगतान में पारर्दशिता लाने के विचार से आयोग की अनुशंसा है कि राशि का भुगतान लाभुकों को चेक के द्वारा न करके सीधे उनके बैंक खाता में हस्तांतरित करने पर विचार किया जाए तथा सूची को वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाए।

4. **श्रम शक्ति योजना** :- अल्पसंख्यक युवाओं के स्वरोज़गार एवं नियोजन के लिए मुख्यमंत्री श्रम शक्ति योजना प्रारंभ की गई। इसके अर्न्तगत अल्पसंख्यक समुदाय के कामगारों/नवयुवकों को उनके ही व्यवसाय में विशेष प्रशिक्षण दिलाकर तथा बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम के माधयम से अधिकतम रू0 50,000/- (पचास हजार रूप्ये) तक का ऋण साधारण ब्याज पर दिलाकर उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने का प्रावधान है। इस योजना के तहत बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम को दो करोड़ रूपये उपलब्ध कराये तथा 115 प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न ट्रेडों में ट्रेनिंग दी गई है 23 प्रशिक्षियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आयोग की अनुशंसा:-आयोग की अनुशंसा है कि इस योजना को विकेंद्रीत कर प्रमंडल स्तर पर चलाया जाए। ताकि लाभुकों को बिहार के अन्य जिलों से पटना आने में होने वाली कठिनाईयों का निवारण हो सके।

5. **मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना** :- इसके अंर्तगत अल्पसंख्यक समुदाय के बेरोजगार युवकों और युवतियों को जिनका परिवारिक वार्षिक आय एक लाख रूपये से अधिक न हो को बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम के माध्यम से 5 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज दर पर स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में अधिकतम 5 लाख रूपये तक की राशि प्रदान करने की कार्य योजना है। वित्तीय वर्ष 2012-2013 से योजना संचालित है । इस योजना के तहत राज्य सरकार से चालीस

करोड रूपये बिहार राज्य अल्संख्यक वित्तीय निगम को उपलब्ध कराया गया है। जिसके विरूद्ध 3731 लाभार्थियों के बीच 37.02 करोड़ रूपये वितरित किया जा चुका है।

आयोग की अनुशंसा:- आयोग की अनुशंसा है कि इस योजना के तहत प्रत्येक वर्ष आवेदन प्राप्त कर जितनी राशि का भुगतान करना है उतने ही आवेदन को स्वीकृत किया जाए। अगले वर्ष पिछले वर्ष के आवेदनों को Brought Forward नहीं किया जाए। अगले वर्ष पुनः नये आवेदन आमंत्रित किया जाए। इससे पूरी तरह पार्रदशिता बनी रहेगी।

(ग) सामाजिक सुरक्षा की योजनाएँ :-

(1) **धार्मिक स्थानों की सुरक्षा एवं घेराबंदी**:- बिहार सरकार ने विशेषकर नीतीश कुमार ने सबसे पहले यह कोशिश शुरू की कि साम्प्रदायिक सद्भाव पूरे राज्य में कायम रखा जाए और इसमें कामियाबी भी मिली। विगत छः वर्षों में अप्रिय घटना नही घटी है। साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखना सरकार की न केवल घोषित प्रथम प्राथमिकता है बल्कि सरकार इस दिशा में पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रयासरत भी हैं। नीतीश सरकार ने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिये उन्होने सबसे बड़ा क़दम यह उठाया कि कब्रिस्तानों की ज़मीन पर स्थानीय लोगों द्वारा जबरन क़ाबिज़ हो जाने के कारण अकसर साम्प्रदायिक दंगे रूनुमा होते हैं। इस तरह के साम्प्रदायिक दंगे को रोकने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहल करते हुए यह निर्णय लिया कि बिहार में जितने क़ब्रिस्तान हैं उनकी घेराबंदी करा दी जाए, क्योकि कालांतर में कब्रिस्तानों की भूमि मूल्यवान हो जाने के कारण समाज विरोधी तत्वों की नजर उस पर लगी रहती है और मौका पाते ही उस पर बलात दखल करना चाहते है। जिसके फलस्वरूप अधिकतर साम्प्रदायिक तनाव का कारण कब्रिस्तान की भूमि ही रहती है। साम्प्रदायिक दंगों पर अंकुश लगाने के विचार से कब्रिस्तानों की घेराबंदी एक मात्र उपाय है जिससे उसकी सुरक्षा भी होगी और साम्प्रदायिक तनाव को रोका भी जा सकता है । बिहार में कुल 8,064 क़ब्रिस्तानों में से 4409 की घेराबंदी की जा चुकी हैं और 1480 के घेराबंदी का कार्य प्रगती में है। इस मद में अब तक 351 करोड़ रूपये व्यय हो चुके है।

आयोग की अनुशंसा :- (i) आयोग की अनुशंसा है कि जिन कब्रिस्तानों का निबंधन वक्फ बोर्ड द्वारा नही किया गया है उसका निबंधन और वहाँ प्रबंध समिति का गठन किया जाए ताकि उन कब्रिस्तानों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

(ii) वक्फ अधिनियम 1995 के तहत सभी वक्फ सम्पत्तियों का निबंधन अनिर्वाय है । इसलिए आयोग की अनुशंसा है कि वक्फ बोर्ड सभी कब्रिस्तानों का निबंधन सुनिश्चित करे। यदि कोई कब्रिस्तान सरकारी सूची में छूट गया है तो इसकी जानकारी सम्बंधित विभाग को देकर उसे सूची में जोड़वाने की कार्रवाई करें ताकि उन कब्रिस्तानों की भी घेराबंदी हो सके।

(2) **भागलपुर फसाद की जॉच, मुआवज़ा पेंशन का भुगतानः-** भागलपुर दंगा बिहार की राजनीति में एक अहम मोड़ की हैसियत रखता है। वस्तुतः इस दंगा का प्रभाव इतना तीव्र था कि उस समय की सरकार धाराशायी हो गई तथा भागलपुर दंगा की प्रतिक्रिया स्वरूप ही पूर्ववर्त्ती सरकार सत्ता में आई। लेकिन श्री नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हुए तो उन्होने भागलपुर दंगाा के प्रभावित निःसहाय, अनाथ एवं विधवाओं के दिलों में फिर से आशा के दीप प्रज्जवलित करने का प्रयास किया तथा उन्होने मानवता के हत्यारों को फिर से उनके अंतिम परिणाम तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस संकल्प के परिपेक्ष्य में ही मुख्यमंत्री बनने के बाद 19 जनवरी 2006 को ''मुस्लिम कॉनफ्रेंस'' में श्री नीतीश कुमार ने भागलपुर दंगा की न्यायिक जॉच करा कर आरोपियों को दण्ड एवं प्रभावित परिवारों को मुआवज़ा दिलाने की घोषणा की। इस घोषणा को मूर्त रूप देते हुए न्यायमूर्ति एन0 एन0 सिंह की अध्यक्षता में पुनः आयोग का गठन कर वैसे सभी मुक़दमों को फिर से खुलवाया।

हिन्दुस्तान में वैसे तो छोटे बड़े साम्प्रदायिक दंगे तो बहुत हुए हैं लेकिन इसी हिन्दुस्तान के इतिहास में नीतीश कुमार की कोशिशों से पहली बार बिहार के भागलपुर दंगा से संबंधित बन्द किये गये 28 मुकदमों की दोबारा जॉच के बाद 19 मुक़दमों में आरोप पत्र दाख़िल की गई। जिसका परिणाम यह हुआ की विभिन्न थाना कांडों में मुजरिमों को सज़ा हुई ।

हिन्दुस्तान की तारीख में यह पहली बार हुआ की मुसलमानों की लूटी हुई जायदाद वापस हुई। केस नं0 201/07,202/07 के तहत मुसलमानों के 17 परिवारों की लूटी हुई जायदाद हुकुमत ने वापस करवाये है।

नीतीश कुमार की सरकार ने मुल्क में पहली बार भागलपुर फसाद से प्रभावितों को 5000 रूपये महाना पेंशन दिया जा रहा है। जो एक ऐतिहासिक कदम है।

भागलपुर दंगा के मृतकों और लापता लोगों के अश्रितों को ''मुख्यमंत्री राहत कोष'' से सहायता दिया गया था। मृतकों के वैसे आश्रित जो मुआवजा की राशि से वंचित रह गये थे उन्हें भी आश्रित की परिभाषा में संशोधित करते हुए उनके निकटतम हकदार को मुआवजा की रकम स्वीकृत की। इसके अलावा हुकुमत बिहार ने 32,38,180 रूपये बैंक के कर्ज भी माफ कर दिये है और बिजली की सपलाई में 1.50 रूपये प्रति युनिट की रियायत दी गई है।

आयोग की अनुशंसा :-पेंशन धारकों की सूची को वेबसाईट पर डाला जाए ताकि कोई परिवार वंचित रह गया हो तो वह आवेदन कर लाभ उठा सकें।

अध्याय - पांच

अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए केंद्र प्रायोजित बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम को और लाभकारी बनाने हेतु अनुशंसा।

अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए केंद्र प्रायोजित बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम को और लाभकारी बनाने हेतु अनुशंसा।

पृष्ठभूमि

वर्ष 1971 की जनगणना के अनुसार, किसी जिले में अल्पसंख्यकों की 20 प्रतिशत अथवा अधिक आबादी के एकमात्र मानदंडों के आधार पर अल्पसंख्यक बहुल 41 जिलों की सूची वर्ष 1987 में तैयार की गई थी, ताकि सरकारी कार्यक्रमो और योजनाओ मे इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया जा सके।

बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) की संकल्पना सच्चर समिति की सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्रवाई की एक विशेष पहल के रूप में की गई थी। यह 11वीं पंचवर्षीय योजना की शुरूआत में सरकार द्वारा अनुमोदित एक केंद्र प्रायोजित योजना है और जिसे वर्ष 2008-09 में 90 अल्पसख्यक बहुल जिलों (एमसीडी) में आरंभ किया गया था। यह एक क्षेत्र विकास पहल है, जिसे सामाजिक-आर्थिक अवसंरचना का सृजन करते हुए तथा आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए अल्पसंख्यक बहुल जिलों की विकास संबंधी कमियों को दूर करने के लिए शुरू किया गया था।

उद्देश्य

इस कार्यक्रम का उद्देश्य 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अल्पसंख्यकों की सामाजिक-आर्थिक दशाओं में सुधार लाना और लोगों के जीवन स्तर को उन्नत बनाने के लिए उन्हें मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना तथा अभिज्ञात अल्पसंख्यक बहुल जिलों में असंतुलन को कम करना है। एमएसडीपी के तहत शुरू की जाने वाली परियोजनाएं आय सृजक अवसरों को पैदा करने की योजनाओं के अलावा शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पक्के मकान, सड़के, पेयजल हेतु बेहतर अवसंरचना की व्यवस्था करने से संबंधित होंगी। योजना का उद्देश्य अतिरिक्त संसाधन मुहैया कराते हुए तथा अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ अंतरों को दूर करने वाली परियोजनाएँ शुरू करते हुए भारत सरकार की मौजूदा योजनाओं के अंतरों को दूर करन होगा।

यह पहल समावेशी तीव्र विकास प्रक्रिया तथा लोगो की जीवन स्तर में सुधार करने के लिए केंद्र एवं राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों का एक संयुक्त प्रयास होगा। इस योजना का उद्देश्य पिछड़े अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों के लिए विकास संबंधी कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देना है ताकि इनमें असंतुलन को कम किया जा सके तथा विकास की गति को तेज किया जा सके।

ब्लॉक योजना की ईकाई के तौर पर :

